नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

## Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

---

## स्वच्छता की शुरूआत स्वयं से करें –डॉ. अख्तर आलम

### समता भवन के जनसंचार विभाग में हुआ स्वच्छता पर व्याख्यान

वर्धा, दि. 03 सितंबर 2018 : स्वच्छता की शुरूआत स्वयं से कर समाज के सामने स्वच्छता का आदर्श रखना चाहिए। उक्त प्रतिपादन महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में जनसंचार विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. अखर आलम ने व्यक्त किये। वे मानव संसाधन विकास मंत्रालय के तत्वावधान में 01 सितंबर से 14 सितंबर 2018 तक 'स्वच्छता पखवाड़ा' के उपलक्ष्य में सोमवार, 3 सितंबर को आयोजित व्याख्यान में बतौर अध्यक्ष बोल रहे थे। समता भवन के जनसंचार विभाग में आयोजित व्याख्यान में राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक राजेश लेहकपुरे,




जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे, राजदीप राठौर, अश्विन श्रीवास सहित विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम में राजेश लेहकपुरे, मिरगे और सुरेंद्र सिंह, धर्मपाल यादव एवं दिनेश पाण्डेय इन विद्यार्थियों ने स्वच्छता पर अपनी बात रखी।

स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत 04 सितंबर को छात्रावासों में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। 05 सितंबर को विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए 'स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत' विषय पर निबंध प्रतियोगिता होगी । 06 सितंबर को पिपरी गांव का शैक्षणिक भ्रमण किया जाएगा और परिसर में स्वच्छता की जाएगी । 07 सितंबर को नजीर हाट से गांधी हिल्स तक स्वच्छता की जाएगी। रविवार, 9 तारीख को परिसर में वृक्षारोपण किया जाएगा। 10 सितंबर को केंद्रीय विद्यालय के बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई है। 11 सितंबर को प्रदर्शनकारी कला विभाग में 'स्वच्छ भारत के प्रति मेरा योगदान' विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता होगी। 12 सितंबर को गुर्रम जाशुआ

सभागार में 'स्वच्छ भारत : भविष्य का भारत' विषय भाषण प्रतियोगिता होगी। 14 सितंबर को गालिब सभागार






में 'स्वच्छता के प्रति जागरूकता' विषय पर डॉक्यूमेंट्री फिल्म प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत वृक्षारोपण किया जाएगा। 14 को सायं 4 बजे गालिब सभागार में पुरस्कार वितरण तथा समापन होगा।